तापमान

अधिकतम 40.2 डिग्री

न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025

12 पीएम मोदी ने कहा- साइंस स्पेस को लेकर बच्चों में ...



12 कांवर यात्रा शिव के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक





## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल

**महासमुंद।** लहरौद पड़ाव के पास बीते 5 जुलाई को कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। इलाज कराने के बाद प्रार्थी ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ पिथौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को सतीश निषाद निवासी लहरौद ने बताया कि 5 जुलाई को दोपहर में वह अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 पी 0218 से अपने दोस्त कमलेश ठाकुर के साथ पेट्रोल टंकी पिथौरा से डीजल लेकर अपने घर ग्राम लहरौद जा रहा था। दोपहर लगभग 2 बजे लहरौद पड़ाव ओवरब्रिज के नीचे झलप की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 04 एलएल 9955 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चला कर मोटर सायकल को बगल से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे वे दोनों सडक पर गिर गए। एक्सीडेंट से प्रार्थी के सिर, कंधे एवं दोनों पैरों में तथा शरीर के अन्य जगह व कमलेश ठाकुर के नाक, मुंह तथा बांये हाथ के कलाई में चोट आई। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### हाईवा से बैटरी चोरी

**महासमुंद।** ब्यारा में खड़े हाईवा वाहन में लगे बैटरी को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। पुलिस को कौशिक कॉलोनी निवासी रोहित चंद्राकर ने बताया कि उसने अपनी दोनों हाईवा को बरसात में काम नहीं होने के कारण अपने बड़े भाई पन्नालाल के ब्यारा में खड़ा किया था। जब वह 26 जुलाई को सुबह करीब 7 बजे मैं अपनी हाईवा को देखने के लिये ब्यारा गया देखा कि हाईवा क्रमांक सीजी 04 एचएक्स 5111 में लगे दो नग बैटरी कीमत 24000 रुपए नहीं थे। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने आरोपी लिकेश कुमार सेंद्रे के कब्जे से 3 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत करीबन 600 रुपए को जब्त किया है।

## बदहाली: महासमुंद-तुमगांव चौड़ीकरण में बरती जा रही लापरवाही

# डामर की परत उखड़ने के बाद डाली गई मिट्टी, सड़क दलदल में तब्दील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सड़क चिकनाहट और दलदल होने से दुपहिया वाहन चालकों के लिए बनी आफत, रोज हो रहे हादसे

तुमगांव-महासमुंद मार्ग के राहगीर पहले इसकी जर्जर अवस्था से परेशान थे और अब इसमें जारी चौड़ीकरण कार्य में बरती जा रही लापरवाही से। सड़क के दोनों ओर मिट्टीयुक्त मुरुम डाल दिया गया। चौड़ीकरण कार्य पूरा भी नहीं हुआ और कुछ जगहों पर सड़क से डामर भी उखड़ने लगा है। कई स्थानों में सड़क चिकनाहट भरी और दलदली हो चुका है जो आवागमन करने वाले दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा साबित हो रहा है।


पूर्व में भी हरिभूमि ने इस मार्ग में हो रहे कार्य और बरती गई लापरवाही को मुद्दा बनाया था। बावजूद इसके अब तक कोई सुधार और व्यवस्था में परिवर्तन देखने को नही मिला है। भरे बरसात सड़क चौड़ीकरण कार्य किसी को रास नहीं आ रहा। लगातार मिल रही शिकायत और आम राहगीरों के अनुसार महासमुंद से तुमगांव में सफर करना दुष्कर हो गया है। बरसात में यह कार्य लोगों के लिए आफत बनी हुई है। सड़क के दोनों ओर खुदाई के बाद मिट्टी वाली मुरुम डाला जा रहा है। वहीं कौंदकेरा के आगे सड़क से डामर को उखाड़ दिया गया है। जहां मिट्टीयुक्त मुरुम बिछा दिया गया, जो बारिश में फिसलन का करण बन रहा है। इससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही है।

### निर्माण कार्य बनी चुनौती

शासन द्वारा राशि स्वीकृत होने के बाद कार्य शुरू हो गया। 9.65 किलोमीटर लंबाई तक चौड़ीकरण के कार्य की लागत राशि कुल 19.86 करोड़ रुपए है। इसमें पुल, पुलिया सहित चौड़ीकरण कार्य शामिल है। पहले चरण में ही तुमगांव की ओर से यह निर्माण कार्य शुरू हुआ। लेकिन, निर्माण एजेंसी द्वारा बिना किसी सुविधा कार्य शुरू कर दिया है, जो अनेक समस्याओं के चलते चुनौती बनी हुई है।

**दलदली मार्ग में चलने की मजबूरी :** ग्राम बम्हनी बम्हनेश्वर नाथ मंदिर से जल लेकर पुरा नगरी से सिरपुर श्री गंधेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए कांवर यात्री इसी मार्ग से होकर गुजरते है। सड़क पर फिसलन और दलदल कांवरियों के लिए परेशानी तो बनी ही है। वहीं बाइक व वाहन चालकों के राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी है। लगातार बारिश के साथ यह मार्ग पूरा दलदल में तब्दील हो जाता है।

### जगह-जगह पुलिस स्टापर, एक नई मुसीबत





महासमुंद से तुमगांव पर जगह पुलिस स्टापर लगा दिया गया, जो यात्रियों के लिए नई मुसीबत है। महासमुंद से लगे ग्राम बेमचा, उसके बाद जिला जिला और फिर पुलिस लाइन परसदा के सामने पुलिस स्टापर लगा दिया गया है। जहां वाहन चालकों को क्रासिंग देने में परेशानी हो रही है। रात के समय में इन जगहों पर अंधेरा होने से पुलिस स्टापर आसानी से नहीं दिखता है, जिससे कई वाहन टकराते हुए गुजरते हैं। वहीं स्टापरों के पास ही मवेशियों को जमावड़ा होता है, जहां कई मोटर साइकिल चालक गिरकर चोटिल हो चुके हैं।



## मुरई धोवा पुल धंसा, एक व्यक्ति घायल

तुमगांव मार्ग पर ग्राम बेमचा और परसदा के बीच मुरई धोवा नाला में बने पुल धंस गया है, जिसे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के साथ नाला में पानी का तेज बहाव पुल धंसने की स्थिति बनी। शनिवार की सुबह गांव के कुछ लोगों ने दुर्घटना से बचने के लिए पुलिस के ऊपर गोल पत्थर व कपड़ा डाल दिया गया था। बताया जाता है कि इसी जगह पर ग्राम बनसिवनी निवासी रमाकांत (48) पिता घनश्याम चंद्राकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसे रायपुर रेफर किया गया। जहां उसका उपचार जारी है। वे लभराखुर्द स्थिति एक पेट्रोप पंप कर्मचारी है। इस हादसे के बाद पुलिस ने आनन-फानन में वहां स्टापर लगाया। बता दें कि इस मार्ग पर चौड़ीकरण के दौरान पुल-पुलिया का निर्माण होना है।

# उपमुख्यमंत्री ने किया अटल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव सरायपाली प्रवास के दौरान मा घंटेश्वरी मंदिर के समीप नवनिर्मित अटल परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और अटल जी के विचारों व योगदान को स्मरण किया।

उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थे, जिनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा। वे विचारों के धनी, ओजस्वी वक्ता और दूरदृष्टा राजनेता थे। अटल जी ने न सिर्फ भारतीय राजनीति को नई दिशा दी, बल्कि आमजन की आशाओं को नीति में परिवर्तित कर दिखाया। पोखरण परमाणु परीक्षण हो या सर्वसमावेशी विकास की परिकल्पना, हर कदम पर उन्होंने भारत को गौरवान्वित किया। उन्होंने आगे कहा कि अटल का जीवन सरलता, संयम और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक रहा है। उन्होंने लोकतंत्र की गरिमा को सदैव सर्वोपरि रखा और विपक्ष को भी सम्मान देने की परंपरा स्थापित की। उनके व्यक्तित्व से वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, बसना विधायक संपत अग्रवाल, पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर,राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, स्काउट गाइड संघ के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने अटल जी के विचारों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### उपमुख्यमंत्री के सरायपाली आगमन से पहले पुलिस ने किया युवा कांग्रेस के 6 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार

**पिथौरा (ग्रामीण)।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के सरायपाली आगमन से पहले पिथौरा में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं में युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव और पूर्व जनपद पंचायत सभापति जितेंद्र सिन्हा सहित अनिमेष डे, उमर हसन, स्वतंत्र पांडेय, राहुल यादव और कमलेश बारिक शामिल हैं। मिली जानकारी अनुसार युवा कांग्रेस के ये सभी कार्यकर्ता पिथौरा नगर में गौरव पथ निर्माण में हुई अनियमितताओं के खिलाफ शिकायत करने तथा ग्राम कौड़िया से शांतिनगर (सुखीपाली) तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन देने वाले थे। प्रशासन ने कार्यक्रम में बाधा की आशंका को देखते हुए सभी को सुबह उनके निवास स्थान से ही हिरासत में ले लिया और शाम लगभग 5:30 बजे तक थाने में रखा गया। हिरासत में लिए जाने पर पूर्व प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस जितेंद्र सिन्हा ने कहा कि जनता से जुड़ी समस्याओं को उठाना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन सरकार विपक्षी आवाजों को दबाने का प्रयास कर रही है। इस घटना के बाद युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लोकतांत्रिक विरोध की आवाज को दबाने के लिए प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जनहित से जुड़ी समस्याओं को उठाना कोई अपराध नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक और जनप्रतिनिधि का अधिकार है।

## पूर्व विधायक विनोद को जिला कांग्रेस कमेटी ने थमाया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नेताओं के खिलाफ कथित गलतबयानी और आदेशों की अवहेलना पर मांगा जवाब

कांग्रेस ने पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शोकॉज नोटिस जारी किया है। बीते दिनों ईडी के खिलाफ आर्थिक नाकेबंदी में पार्टी के आदेशों का उल्लंघन करने सहित बड़े नेताओं के खिलाफ कथित गलतबयानी के आरोप के चलते नोटिस जारी कर पांच दिन के भीतर जवाब तलब किया गया है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि चंद्राकर के हस्ताक्षर से जारी इस नोटिस में महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी ने पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर से उनके बयानों पर बिंदुवार जवाब मांगा है। नोटिस में कहा गया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी तथा जिला कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार सुनिश्चित किए गए कार्यक्रम में तय 22 जुलाई तय समय में आपके द्वारा भाग न लेकर संगठन के समानांतर कार्यक्रम आपके द्वारा आयोजित किया गया। वहीं यह भी कहा गया कि सोशल मीडिया में आपके द्वारा वीडियो के माध्यम से पार्टी की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कथित वक्तव्य दिया गया है जो कि वर्तमान में काफी तेजी से वायरल हो रहा है और जिला कांग्रेस कमेटी के संज्ञान में आया है। आपके द्वारा दावा किया गया कि सब बड़े नेताओं की वजह में मेरा टिकट कट गया।

# नौकरी लगाने के नाम पर 5.86 लाख रुपए की ठगी

**महासमुंद।** शासकीय विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर एक व्यक्ति ने करीब 5.86 लाख रुपए की ठगी कर ली। मामले को लेकर तुमगांव थाने में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

तुमगांव पुलिस को दिए गए आवेदन में कौवाझर निवासी गेंदराम जांगडे पिता रजऊ राम जांगड़े (46 वर्ष) ने बताया आरोपी शशि कुमार तांडी द्वारा उसकी पुत्री एवं मेरे परिवार के लोगों को नौकरी लगवाने के नाम से रकम लेने के बाद फर्जी आदेश पत्र देकर धोखाधडी की गई है। पूरे मामले को लेकर प्रार्थी ने बताया कि उसका रंगीला ढाबा के नाम से एन.एच. 53 रोड कौवाझर में ढाबा था।

उसके ढाबे में गोविंद राम बेहरा का आना जाना था। उसी दौरान उसकी लडकी जो कालेज की पढ़ई कर रही थी, उसके लिए नौकरी के लिए बात किया तब उसने बताया कि एक आदमी है जिसने कहा उसे कहा है कि किसी को नौकरी लगाना है तो बताना। इसके बाद गोविंद राम बेहरा ने उसकी शशि कुमार तांडी से मुलाकात कराई। इस पर तांडी ने बताया कि पंचायत विभाग में चपरासी का पोस्ट खाली है, साहब लोगों को पैसा देना पडेगा तब तुम्हारी लडकी की नौकरी लग जाएगी। फिर 15.10.2024 को मेरे कौवाझर वाले रंगीला ढाबा में गोविंद राम बेहरा के सामने उसने तांडी को नगद 1,00,000 रुपए दिया था, उसने कुछ दिन बाद उसे एवं पुत्री को रायपुर बुलाया। करीबन एक सप्ताह बाद शशि कुमार तांडी फोन लगाकर कहा कि ज्वाइनिंग लेटर जारी हो गया है और पैसा देना पड़ेगा नहीं तो 15 दिन में ज्वाईनिंग आदेश कैंसिल हो जायेगा और वीडियो कॉल कर संयुक्त कलेक्टर जिला रायपुर से हस्ताक्षर किया हुआ कार्यालय ग्रामीण पंचायत विभाग छत्तीसगढ सेक्टर नार्थ ब्लाक ए नवा रायपुर अटल नगर का आदेश पत्र दिखाया। उसके बाद उसने रायपुर जाकर नगद 50,000 रुपये जिला पंचायत रायपुर आफिस के सामने दिया। इसके बाद 04.11.2024 को उसने फिर कहा कि और पैसा लगेगा। तब प्रार्थी ने शशि कुमार तांडी के पंजाब नेशनल बैंक के खाते में 50,000 हजार का डीडी बनवा कर डलवाया। इसके बाद फिर ज्वाईनिंग के लिए डी.डी. बनाने के लिए 11,000 रुपए दिए। इसके बाद उसने फोन करके रायपुर बुलाया, तब वह अपनी बेटी के साथ रायपुर गया।

वहां शशी कुमार तांडी कहा कि तुम्हारे जान पहचान में अगर कोई हो जिसे नौकरी की जरूरत है तो बताना। महिला बाल विकास पिथौरा(महासमुंद) में फील्ड आफिसर की जरूरत है, जिसके पर उसने अपने रिश्तेदार रामू सोनवानी बुंदेली के रहने वाले को बताया। तो वह राजी हो गया। इस बार शशि कुमार तांडी द्वारा नौकरी के लिए 1,10,000 की मांग की। तब रामु सोनवानी द्वारा अपनी भतीजी रूपाली सोनवानी एवं प्रार्थी के समक्ष 27.12.2024 को कलेक्टर कार्यालय के पीछे महासमुंद बाल विकास विभाग के सामने अपनी नौकरी के लिए 11,000 डीडी बनाने के लिए नगद तथा रूपाली सोनवानी के लिए जनपद पंचायत पिथौरा में कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी लगाने के लिए 11,000 हजार रुपए डीडी बनाने के लिए दिया। यहां शशि कुमार तांडी द्वारा कलेक्टर कार्यालय रायपुर में वाहन चालक की जरूरत है कहा। जिस पर प्रार्थी ने अपने भतीजे दिलीप जांगडे के लिए शशि कुमार तांडी को डीडी बनाने के लिए नगद 11,000 रुपये, 30.12.2024 को 40,000 रुपए दिया था। वहीं 31.12.2024 को रामू सोनवानी द्वारा अपनी भतीजी रूपाली सोनवानी के लिए 30,000, 03.01.2025 को 50,000 रुपए एवं 04.01.2025 को 50,000 हजार रुपए रामू सोनवानी के द्वारा दिया गया जिसे उसने शशि कुमार तांडी को दिया।

करीबन 15 दिन बाद शशि कुमार तांडी द्वारा स्वयं जनपद पंचायत पिथौरा में आकर रामू सोनवानी को महिला बाल विभाग में नियुक्त के संबंध में नियुक्ति आदेश पत्र दिया। तथा उसके साले जितेंद्र चेलक को तकनीकी सहायक जिला पंचायत महासमुंद एवं मेरी साली नेहा चेलक को डाटा एंट्री ऑपरेटर कलेक्टर कार्यालय दुर्ग में नौकरी लगवाने के लिए शशि तांडी द्वारा डीडी बनाने के लिए पैसा मांगने पर 22,000 रुपए दिया गया। तथा इन लोगों की नौकरी के लिए आदेश जारी करवाने के लिए 09.01.2025 को 75,000 रुपए एवं 25,000 रुपए फोन के माध्यम से प्रार्थी के साले जितेंद्र चेलक एवं अनूप चेलक के द्वारा दिया गया एवं 10.01.2025 को अनूप चेलक द्वारा फिर 50,000 रुपए शशि तांडी के फोन पे पर डलवाया गया। वहीं प्रार्थी जब अपनी पुत्री प्रीतिका जांगड़े के आफिस जाने के संबंध में आरोपी शशि तांडी से पूछता था तब वह मैं जब बोलूंगा तब जाना और अपनी नियुक्त आदेश को मत दिखाना कहता था । प्रार्थी ने अपने अपने आवेदन में बताया कि आरोपी शशि कुमार तांडी द्वारा उसकी पुत्री एवं उसके परिवार के किसी भी व्यक्ति की नौकरी नहीं लगवाई गई और फर्जी नियुक्ति आदेश देकर कुल रकम 5,86,000 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## प्रदेश स्तरीय चैंपियनशिप में भरत साहू ने जीता 02 स्वर्ण पदक

# योगासन स्पोर्ट्स में महासमुंद को मिला ओवरऑल तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

6वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन 25 से 27 जुलाई तक ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी रायगढ़ में आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले की पुरुष टीम शामिल हुए। महासमुंद जिले से अमन साहू, कुंदन साहू, अजय पटेल, आदर्श गुप्ता, प्रकाश टंडन, हिमांशु साहू, विजय पटेल, दिव्यांशु पटेल, उमेश निषाद, यश कुर्रे, दीपेश, भरत साहू, ओंकार साहू, जिज्ञासु साहू, वरुण निषाद, देवेंद्र कुमार, संदीप पटले शामिल हुए।

### जिले के खिलाड़ियों ने जीते कई पदक

भरत ने ट्रेडिशनल इवेंट एवं इंडिविजुअल ट्विस्टिंग बॉडी इवेंट में 02 स्वर्ण पदक जीता।



इंडिविजुअल हैंड बैलेंस इवेंट में हिमांशु साहू पिता पूरन प्रकाश ने स्वर्ण पदक जीता। आर्टिस्टिक पेयर इवेंट में ओंकार साहू पिता पुरुषोत्तम साहू एवं जिज्ञासु साहू पिता तजेश्वर साहू ने रजत पदक जीता। इंडिविजुअल हैंड बैलेंस इवेंट में जिज्ञासु साहू ने कांस्य पदक जीता। इंडिविजुअल हैंड बैलेंस इवेंट में देवेंद्र दीवान पिता टीकम सिंह ने रजत पदक जीता।

### खिलाड़ियों की उपलब्धि पर जताई खुशी

खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन करने एवं पदक जीतने पर जिला योगासन स्पोर्ट्स संघ अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, उपाध्यक्ष हिरेंद्र देवांगन, सचिव गणेश राम कोसरे, कोषाध्यक्ष सेवन दास मानिकपुरी, हिरेंद्र साहू, छन्नू साहू, वेदराम, नीलम साहू, प्रभा साहू, वैशाली ठाकुर, कामता साहू, तृषा शर्मा, इंद्राणी भास्कर, अंजनी साहू, नेहा नायक, सत्यनारायण दुर्गा, रामेश्वरी दीवान, तोरण यादव, पूनम पटले, भामिनी, आकांक्षा, निधि, तेजस्विनी, दीपिका, नेहा पटेल एवं पालकों ने शुभकामनाएं दीं।

# तगड़ी सुरक्षा के बीच आबकारी निरीक्षक बनने 7063 में से 5771 ने दिलाई परीक्षा

**महासमुंद।** जिले में आबकारी निरीक्षक के लिए 7063 पंजीकृत परिक्षार्थियों में 5771 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 1292 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा रविवार संपन्न हुई जिसमें सख्ती से जांच की गई।

परीक्षा का समय 11 बजे निर्धारित किया गया था, लेकिन परीक्षार्थी को समय से पहले आने के निर्देश जारी किए गए थे। परीक्षा में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया था। इसके बाद भी कई छात्र ड्रेस कोड में नहीं आए थे, जिन्हें परेशानी हुई। छात्रों को पहले ही निर्देश दिया गया था कि परीक्षा केंद्रों में समय से दो घंटे पहले पहुंचें और 10:30 बजे गेट बंद कर दिया गया था। कुछ छात्र देर से पहुंचे थे, जिन्हें प्रवेश नहीं मिला। परीक्षा में छात्र आधी बांह वाले कपड़े पहनकर पहुंचे थे। इसको लेकर व्यापमं ने पहले ही निर्देश जारी किया था। परीक्षा देकर निकले छात्रों ने मिलीजुली प्रतिक्रिया दी। किसी को प्रश्न-पत्र आसान लगा, तो किसी को परीक्षा कठिन लगी। 100 प्रश्न पूछे गए थे और सभी प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित किए गए थे। माइनस मार्कि ग भी था। परीक्षा का समय दो घंटे निर्धारित किया गया था। परीक्षा केंद्रों के आस-पास पुलिस तैनात रही। केंद्रों के गेट भी बंद कर दिए गए थे।



## खबर संक्षेप



### नेपाली समाज ने विधायक मूणत से की मुलाकात

**रायपुर।** पशुपतिनाथ नेपाली सेवा समिति के पदाधिकारियों ने शनिवार को पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत से मुलाकात की। इस दौरान नेपाली समाज ने विधायक से पशुपतिनाथ मंदिर के लिए जमीन की मांग की, जिस पर विधायक श्री मूणत ने भरोसा दिलाया और उचित मार्गदर्शन भी किया। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष कृष्णा बहादुर क्षेत्री व उपाध्यक्ष सुक बहादुर सिंह ने बताया कि पशुपतिनाथ मंदिर, काठमांडू शहर के पूर्वी बाहरी इलाके में, बागमती नदी के किनारे काठमांडू घाटी में स्थित एक पूजा स्थल है, जो नेपाल का सबसे पवित्र स्थल है। यह हिंदू देवता शिवजी को समर्पित है, जो पशुओं के रक्षक, पशुपति के रूप में हैं। मुलाकात के करने वालों में वंदना सिंह, रेनू क्षेत्री, सविता क्षेत्री, नेहा थापा, सवित्री थापा, हरिप्रसाद शर्मा, रामप्रसाद, संजय थापा, तुलसी क्षेत्री सहित समिति के सदस्य शामिल थे।

### कार्ययोजना बनाकर चला रहे अभियान, 4106 ग्राम पंचायत हो चुकी टीबी मुक्त

**रायपुर।** टीबी मुक्त भारत के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत राज्य की 4106 ग्राम पंचायतें अब तक टीबी मुक्त हो चुकी हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग व्यापक कार्ययोजना बनाकर काम कर रहा है। पिछले दिनों निक्षय निरामय योजना के तहत 100 दिन के अभियान में 36 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश में 7 दिसंबर 2024 को निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ का 100 दिवसीय अभियान शुरू किया गया था।

### भूपेश के बयान पर अमित की सलाह- पूर्वजों की स्मृति को राजनीतिक विवादों से दूर रखें

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, मेरे पिता स्व. अजीत जोगी और स्व. नंदकुमार बघेल दोनों ही अब हमारे बीच नहीं हैं। उनके बारे में राजनीतिक



बयानबाजी करना अनुचित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्व. नंदकुमार बघेल के मामले में तत्कालीन जोगी सरकार का निर्णय सामाजिक समरसता और मंत्रिमंडल की सहमति पर आधारित था। स्वयं भूपेश बघेल भी मंत्रिमंडल के हिस्सा थे। उल्लेखनीय है कि श्री बघेल ने अपने परिवार के सदस्यों को जेल भेजने को सरकारों के पतन से जोड़ा था। श्री जोगी ने याद दिलाया कि भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्रित्व काल में भी उनके पिता स्व. नंदकुमार बघेल को जेल हुई थी, जिस पर उन्होंने कभी कोई सवाल नहीं उठाया।

### गोंदवारा से महादेवघाट तक आज निकलेगी कांवड़ यात्रा

**रायपुर।** श्री गोदेश्वर महादेव परिवार की ओर से भी भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन 27 जुलाई को सुबह 9 बजे से किया गया है। कांवड़ यात्रा सुबह शीतला माता मंदिर गोंदवारा से शुरू होकर हाटकेश्वर महादेव मंदिर तक जाएगी। इस कांवड़ यात्रा में गोंदवारा व बसंत विहार कॉलोनी की महिलाओं और युवाओं की भागीदारी विशेष रूप रहेगी। भव्य कार्यक्रम का प्रबंधन श्री गोदेश्वर महादेव परिवार के पूरन साहू और उनकी पूरी टीम के द्वारा संचालित किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं के लिए महादेवघाट में जल चढ़ाने के पश्चात महाप्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।

### हॉकी स्पर्धा में 14 साल के बच्चों ने मारी बाजी

**रायपुर।** गंज स्कूल के 14 साल से कम उम्र के होनहार बच्चों ने बिना किसी सुविधा के राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में 17 साल के बच्चों को हराया, ये सिर्फ जीत नहीं, ये हौसले की मिसाल है। इस मौके पर जब बच्चों ने पूर्व महापौर एजाज ढेबर को बताया कि उनके प्रैक्टिस के लिए मैदान नहीं है, स्टिक उधार की और जूते फटे हैं तो मन व्यथित हुआ और बिना देरी किए उन्हें नए हॉकी स्टीक, बॉल और प्रैक्टिस के लिए नेताजी सुभाष स्टेडियम प्रबंधन से बातचीत कर ग्राउंड उपलब्ध कराया।

**कार्यक्रम : 167.37 लाख रुपए की लागत से मिलेगी नगरवासियों को सुविधाएं, विकास को मिलेगी गति**

# उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने सरायपाली में 13 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका परिषद सरायपाली के लिए ऐतिहासिक दिन रहा, जब प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर क्षेत्र में कुल 13 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर नगरवासियों को 167.37 लाख रुपये की सौगात दी। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, बसना विधायक संपत अग्रवाल, पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष सरला कोसरिया, स्काउट गाइड संघ के अध्यक्ष येत राम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदगण, तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कुल 7 कार्य, लागत 87.36 लाख रुपए का लोकार्पण किया। जिसमें घंटेश्वरी मंदिर के पास अटल परिसर निर्माण एवं मूर्ति स्थापना सहित सौंदर्यीकरण कार्य 28.16 लाख रुपए, अघरिया समाज छात्रावास परिसर में डोम निर्माण कार्य 30.00 लाख, वार्ड क्रमांक 02, 05, 09, 12 एवं 15 में बस स्टॉप निर्माण कार्य 29.20 लाख रुपए का कार्य शामिल है। इसी तरह भूमिपूजन कार्य अंतर्गत कुल 6 कार्य, लागत 80.01 लाख रुपए जो 15वें वित्त आयोग अंतर्गत शामिल है , जिनमें वार्ड क्रमांक 05 में तालाब से बस स्टॉप तक विद्युतीकरण कार्य 4.23 लाख, वार्ड क्रमांक 01 में पाइपलाइन विस्तार कार्य 6.23 लाख, वार्ड क्रमांक 05 में तालाब से बस स्टॉप तक फुटपाथ निर्माण कार्य 15.70 लाख, वार्ड क्रमांक 05 में सरसीवां रोड पर शेड निर्माण कार्य 25.79 लाख,पीवीसी टंकी स्थापना एवं पाइप लाइन विस्तार कार्य 10.76 लाख, वार्ड क्रमांक 01 में सम्पवेल निर्माण कार्य 17.30 लाख रुपए शामिल है। कार्यक्रम के दौरान भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। अतिथियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को स्मरण किया।



इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचे। सरायपाली क्षेत्र के विकास के लिए यह सिर्फ एक शुरुआत है, आने वाले समय में और भी बड़ी योजनाएं लाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि आज सराईपाली नगर पालिका में 1.67 करोड़ के अलग-अलग कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया है, इसके लिए मैं सरायपाली की जनता को बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ। आज सरायपाली के लिए यादगार दिन है, आज अटल जी के भव्य और सुंदर प्रतिमा का लोकार्पण हुआ है। राज्य के सभी नगरीय निकाय में इस प्रतीक का लोकार्पण इसलिए हुआ है। क्योंकि, आज हमारे राज्य की अलग पहचान बिहारी वाजपेयी के कारण संभव हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण से पहले भुखमरी अशिक्षा और गरीबी थी, छत्तीसगढ़ की जनता के इस दर्द को अटल ने समझा और हमारा राज्य अस्तित्व में आया। आज अटल के महान सोच से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से देश के गाँवों की तरक्की संभव हुई है। हमारी सरकार ने 18 लाख आवास दिया है और आज 14 लाख से ज़्यादा की स्वीकृति डेढ़ साल के अंदर हुआ है और इसके अलावा नए नाम जोड़ने का काम चल रहा है, और एक भी ग़रीब आवासहीन ना रहे यही हमारी विष्णु देव साय सरकार का लक्ष्य है। किसानों को प्रति एकड़ 3100 रूपये क्विंटल दिया जा रहा है। आज छत्तीसगढ़ में इसलिए चारों ओर विकास की बयार चल रही है। साथ ही उन्होंने विधायक सरायपाली द्वारा की गई मांगों को स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि सरायपाली क्षेत्र का विकास मेरे लिए सदैव प्राथमिकता रहा है। आज के कार्यों से जनता को लाभ मिलेगा और यह क्षेत्र समग्र रूप से आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि आज हमारे लिए ये गौरव का विषय है कि अटल परिसर के लोकार्पण के अवसर में उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी हमारे बीच उपस्थित हैं। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी जो छत्तीसगढ़ के निर्माता हैं, ये उनकी विकास की सोच का परिणाम है कि यह कार्य आज संभव हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव इसी विकास रूपी सोच को आगे ले जा रहे हैं, उसी योजना के तहत अटल परिसर और हर जगह सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरायपाली और बसना सूखा क्षेत्र है, इस क्षेत्र को भी जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्राथमिकता में रखा गया है। सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने कहा कि अटल जी ने देश के लिए जो काम किए है, वह हमारे युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय हैं। सरायपाली के लिए यह गौरव की बात है कि यहाँ उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में अटल परिसर का अनावरण हो रहा है। उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में सरस्वती पटेल अध्यक्ष नगर पालिका, लक्ष्मी पटेल जनपद अध्यक्ष सरायपाली खुशबू अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष बसना, नेहरू निषाद सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

## विधायक ने किया पौधरोपण, कहा मां के सम्मान में प्रकृति से प्रेम

### ग्राम कुडेकेल से जमड़ी तक एक पेड़ मां के नाम अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विधानसभा क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के नेतृत्व में ग्राम कुडेकेल से ग्राम जमड़ी तक पौधरोपण किया। विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक संवेदनशील सोच है जो हर व्यक्ति को अपनी मां के प्रति प्रेम और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 1400 पौधों का रोपण किया गया, जिसमें बेल, आम, नीम, पीपल, गुलमोहर, अर्जुन जैसे छायादार और औषधीय वृक्ष शामिल है।



विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा कि मां सिर्फ जन्म देती हैं, लेकिन पेड़ भी मां ही है, जो जीवन को संजीवनी प्रदान करते हैं। प्रकृति का वह विस्तार जो हर श्वास में जीवन भरता है। जब हम एक पौधा अपनी मां के नाम से लगाते हैं, तो यह केवल एक वृक्षारोपण नहीं होता, बल्कि एक सजीव श्रद्धांजलि बन जाती है, जिसमें मातृभाव, संवेदनशीलता और पर्यावरण संरक्षण का अद्वितीय संगम झलकता है।

उन्होंने कहा यह अभियान सिर्फ हरे रंग के सपनों को धरती पर उगाने की कोशिश नहीं है, बल्कि यह एक भावनात्मक आंदोलन है, जो रिश्तों को जड़ों की तरह गहरा करता है। प्रकृति को मां का दर्जा देकर हम उसे वह आदर देते हैं, जिसकी वह सच्चे अर्थों में अधिकारी है। हर पौधा जो इस प्रेरणा से रोपा जाता है, वह न सिर्फ वातावरण को शुद्ध करता है बल्कि समाज को संवेदना और कृतज्ञता का पाठ भी पढ़ाता है। आइए, इस पवित्र पहल का हिस्सा बनें और अपनी माताओं के नाम पर हरियाली की यह पूजा अर्पित करें। एक पेड़ मां के नाम अभियान में विधायक डॉ संपत अग्रवाल के साथ जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विजय पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नालंदा लाइब्रेरी, वृद्धाश्रम, अंतरराज्यीय बस स्टैंड और अमृत मिशन के लिए विधायक ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**सरायपाली (ग्रामीण)।** सरायपाली नगर पालिका द्वारा आयोजित अटल परिसर निर्माण एवं

- सरायपाली पहुंचे उपमुख्यमंत्री अरुण साव को सौंपा विधायक नंद ने ज्ञापन, सरसींवा सरायपाली मार्ग, बसना भंवरपुर सागरपाली मार्ग के प्रशासकीय स्वीकृति की रखी मांग

भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को सरायपाली विधायक चातुरी नंद द्वारा क्षेत्र की महत्वपूर्ण जनहितैषी



मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में सरायपाली में नालंदा लाइब्रेरी की तर्ज पर आधुनिक पुस्तकालय (लाइब्रेरी) की स्थापना, वृद्धा आश्रम की स्वीकृति हेतु, अंतरराज्यीय बस स्टैंड की स्वीकृति एवं शीघ्र निर्माण, पेयजल समस्या के निराकरण हेतु137 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी।

विधायक चातुरी नंद ने बहुप्रतीक्षित सरसींवा–सरायपाली मार्ग एवं बसना–भंवरपुर–सागरपाली मार्ग के प्रशासकीय स्वीकृति की मांग भी उपमुख्यमंत्री अरुण साव से की।

विधायक चातुरी नंद ने कहा कि उपरोक्त सभी योजनाएं क्षेत्र की जनसुविधा, यातायात, शिक्षा और सामाजिक संरचना को सशक्त बनाएंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि उपमुख्यमंत्री इन मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर सरायपाली क्षेत्र के विकास को गति देंगे।

### स्टॉफ ऑफिसर सेवानिवृत्त, दी विदाई

**रायपुर।** विधि विभाग मंत्रालय में स्टाफ ऑफिसर के पद पर कार्यरत अजय कुमार तिवारी की सेवानिवृत्त होने पर विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ की ओर से उनकी विदाई का कार्यक्रम मंत्रालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधि विभाग के प्रमुख सचिव रजनीश श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि दीपक कुमार देशलहरे, अतिरिक्त सचिव, चंद्र कुमार कश्यप अतिरिक्त सचिव, भूपेंद्र कुमार वासनीकर, अतिरिक्त सचिव, श्रद्धा श्रीवास्तव उपसचिव शामिल थे।

### खंडस्तरीय फुटबॉल में 174 ने लिया हिस्सा

**महासमुंद।** मिनी स्टेडियम में विकासखंड स्तरीय फुटबॉल 14, 17 और 19 वर्ष बालक-बालिका का चयन ट्रायल रखा गया। जिसमें शासकीय डीएमएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद, सेजेस नयापारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा, शिशु संस्कार केंद्र महासमुंद, द न्यू होलीफेथ स्कूल महासमुंद, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुम्हरपारा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला स्टेशन पारा महासमुंद, गुड शेफर्ड स्कूल महासमुंद आदि के कुल 174 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उत्कृष्ट कौशल के आधार पर उनका चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। बालक वर्ग में 14, 17, 19 वर्ष की जिला स्तरीय प्रतियोगिता 29 जुलाई मिनी स्टेडियम महासमुंद में आयोजित होगी। इस अवसर पर शासकीय डीएमएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शाला विकास प्रबंधन समिति के सदस्य रिखीराम साहू और प्राचार्य कौशल शुक्ला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी हीरेंद्र कुमार साहू, सेवन दास मानिकपुरी, रामेश्वरी दीवान, गणेश कोसरे मौजूद रहे।

### हाट-बाजारों, चौक-चौराहों और स्कूल-कॉलेजों में चलाया जनजागरूकता अभियान

**महासमुंद।** जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के हाट-बाजारों, चौक-चौराहों और स्कूल-कॉलेजों में महासमुंद पुलिस के तत्वावधान में 1 से 24 जुलाई तक नशामुक्ति भारत पखवाड़ा जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान साइबर अपराध, यातायात सुरक्षा, नशामुक्ति, महिला संबंधी सुरक्षा, बाल विवाह रोकथाम और गौ वंश तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई व डायल 112 की जानकारी दी गई। पुलिस ने तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम डोकरपाली, कोदोपाली चौकी बुंदेली, खोखेपुर थाना बलौदा, खेल मैदान पिथौरा थाना पिथौरा, ग्राम बेलसोंडा फाटक थाना महासमुंद, शंकराचार्य भवन महासमुंद सहित अन्य स्थानों पर एक दिवसीय कार्यशाला में साइबर अपराध, यातायात सुरक्षा, नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का महासमुंद पुलिस फेसबुक पेज के माध्यम से अभियान चलाकर नशे के दुष्प्रभाव, नशा के सामाजिक, आर्थिक प्रभाव के बारे में बताया। अभियान के दौरान लगभग 18 हजार लोगों को जागरूक किया गया और 2219 लोगों को ऑनलाइन नशामुक्ति प्रतिज्ञा दिलाई गई। पुलिस टीम ने ग्रामीणों से विभिन्न प्रकार की जानकारियां साझा की।

## रासायनिक उत्पादों के अत्याधिक उपयोग से बढ़ रही बीमारियां- जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बदलती जीवन शैली के साथ बढ़ रहे रासयानिक उत्पादों के अत्याधिक उपयोग से बीमारियां बढ़ रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सरकार महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। एनआईटी एवं विकास तरंगिणी, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आज महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर का



एनआईटी परिसर में आयोजन किया गया। जांच शिविर और जागरूकता कार्यक्रम विशेषतः सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से महिलाओं को निःशुल्क जांच, परामर्श और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा महिलाओं की जांच की गई और निःशुल्क जांच, परामर्श और दवाइयां प्रदान की गईं। महिलाओं की बड़ी संख्या ने इस पहल में भाग लेते हुए स्वास्थ्य जांच कराई और स्वास्थ्य विभाग की जागरूकता से लाभ प्राप्त किया।

**जो संतुष्ट नहीं, उनसे 28 जुलाई तक मंगाए गए आवेदन**

## युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी, रायपुर संभाग में थोक में आवेदन इनमें कई शिक्षकों ने की समितियों के विरुद्ध शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में युक्तियुक्तकरण के तहत सभी जिलों में कई शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों को दूसरे शासकीय स्कूलों में विलय करने के साथ उनमें पदस्थ शिक्षक भी दूसरे स्कूल में स्थानांतरित किए गए हैं, लेकिन शिक्षकों के स्थानांतरण में कई गड़बड़ी भी हुई है, जिसे लेकर कई शिक्षक हाईकोर्ट पहुंच गए हैं।

वहीं शासन के निर्देश पर संभाग स्तर पर आवेदन एवं शिकायतों के निराकरण के लिए गठित की गई संभाग स्तर की समितियों के पास आवेदन भी किए जा रहे हैं। रायपुर संभाग की बात करें, तो यहां थोक में आवेदन किए जा चुके हैं, जिनमें ज्यादातर युक्तियुक्तकरण के लिए गठित की गई जिला स्तरीय समितियों के विरुद्ध शिकायतें हैं।



### रायपुर संभाग में अब तक 425 आवेदन

शासन के निर्देश पर रायपुर संभाग में आवेदनों एवं शिकायतों के निराकरण के लिए संभाग आयुक्त महादेव कावरे की अध्यक्षता में निराकरण समिति बनाई गई है। इस समिति के समक्ष प्रभावित शिक्षक जो स्थानांतरण या फिर अन्य किसी कारण से जिला स्तर समिति के निर्णय से संतुष्ट नहीं हैं, उनसे 16 से 28 जुलाई तक आवेदन मंगाए गए हैं। यह सूचना जारी होने के बाद रायपुर संभाग अंतर्गत जिलों से अब तक 425 शिक्षकों ने आवेदन किए हैं, जिनमें ज्यादातर जिला स्तरीय समितियों के निर्णय के विरुद्ध हैं।

### दो दिन शेष, बढ़ सकते हैं आवेदन

निराकरण समिति के पास आवेदन करने के लिए दो दिन और शेष हैं। संभावना जताई जा रही है कि इन दो दिनों में और आवेदन किए जा सकते हैं, जिससे आवेदनों का आंकड़ा करीब पांच सौ पहुंच सकता है।

### परीक्षण में गड़बड़ी मिलने पर सुनवाई

विभागीय सूत्रों के अनुसार युक्तियुक्तकरण में जिला स्तरीय समिति के निर्णय के विरुद्ध आए आवेदनों का पहले परीक्षण किया जाएगा। परीक्षण के दौरान जिन आवेदनों में गड़बड़ी पाई जाएगी, उन मामलों में जरूरत पड़ने पर सुनवाई भी करेंगे, जिसमें आवेदकों को बुलाया जाएगा।

### संभाग के सभी जिलों में युक्तियुक्तकरण के तहत थोक में शिक्षक किए गए स्थानांतरित

युक्तियुक्तकरण के तहत रायपुर संभाग अंतर्गत रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद एवं बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में थोक में स्कूलों को विलय करने के साथ शिक्षक भी थोक में दूसरे स्कूलों में स्थानांतरित किए गए हैं। रायपुर जिले में ही प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी को मिलाकर कुल 389 स्कूलों को दूसरे स्कूलों में विलय किया है। जिन स्कूलों को विलय किया है, उनमें पदस्थ शिक्षकों को भी दूसरे स्कूलों में पदस्थ किया है।

### परीक्षण में सही पाई जाने वाली आपत्ति-शिकायत का करेंगे निराकरण

> रायपुर संभाग से अभी तक 425 आवेदन आए हैं। इन आवेदनों का पहले परीक्षण करेंगे। इसमें सही पाई जाने वाली आपत्ति-शिकायत का निराकरण करेंगे। जरूरत पड़ने पर आवेदक को भी बुलाया जाएगा।
>
> - महादेव कावरे, संभागायुक्त रायपुर

## जलभराव क्षेत्रों में निकास व्यवस्था देने नए नाला निर्माण का मांगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 5 और जोन 6 क्षेत्र में लगातार बारिश के बाद प्रोफेसर कालोनी, परशुराम नगर, कुकरीपारा में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नया नाला बनाने प्रस्ताव मांगा गया है। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप ने समस्या के व्यवहारिक और तकनीकी पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर इसके समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

सालों से जलभराव की समस्या से जूझ रही प्रोफेसर कालोनी में गंदे पानी के निकासी के लिए नया नाला बनाया जाएगा। निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर ने शनिवार को भाठागांव स्थित जोन 6 कार्यालय पहुंचकर जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, जोन 6 कमिश्नर



हितेन्द्र यादव, वामनराव लाखे वार्ड पार्षद बब्बी सोनकर, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, अतुल चोपड़ा, दिनेश सिन्हा, अंशुल शर्मा जूनियर, सहायक अभियंता शैलेन्द्र पटेल की उपस्थिति में बैठक ली। इस दौरान प्रोफेसर कॉलोनी, परशुराम नगर, कुकरीपारा एवं अन्य जलभराव क्षेत्रों में गंदे पानी की सुगम निकासी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। पार्षद बब्बी सोनकर ने जल भराव की समस्या का समाधान शीघ्र करने के सम्बन्ध में सुझाव दिए।

**खबर संक्षेप**



## जिले में अब तक 509.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद।** महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2025 से अब तक 509.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 708.6 मिलीमीटर, सरायपाली में 540.8 मिलीमीटर, बसना में 527.7 मिलीमीटर, महासमुंद में 447.3 मिलीमीटर, बागबाहरा में 445.2 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 388.7 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। आज 27 जुलाई को 19.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 38.7 मिलीमीटर, सरायपाली में 19.3 मिलीमीटर, बागबाहरा में 19.2 मिलीमीटर, कोमाखान में 17.7 मिलीमीटर, बसना में 16.6 मिलीमीटर एवं महासमुंद तहसील में 5.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# बसंत पुनः जिलाध्यक्ष चुने गए छत्तीसगढ़िया सर्व समाज के

### विजय बंजारे एवं एमएल ध्रुव कार्यकारी अध्यक्ष एवं रेखराज पुनः महामंत्री निर्वाचित हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की जिला पदाधिकारियों की निर्वाचन रमेश यदु प्रदेश अध्यक्ष के मुख्य अतिथि व तरुण धाकड़ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चुनाव प्रभारी, किशोर दीवान प्रचार सचिव एवं सहायक चुनाव अधिकारी, गिरधारी साहू प्रदेश उपाध्यक्ष, कमलेश ध्रुव प्रदेश महामंत्री, प्रदेश संगठन सचिव मुन्ना साहू, हरिचरण प्रधान, केआर सागर व जिला के सभी समाज के जिलाध्यक्षों की उपस्थिति में माता कर्मा सदन में हुआ।



उपस्थित सभी समाज के जिलाध्यक्षों की सहमति व अनुमोदन से जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा के कार्यों को देखते हुए पुनः जिलाध्यक्ष के पद मनोनीत किया गया। वहीं कार्यकारी जिलाध्यक्ष के पद पर विजय बंजारे, एमएल ध्रुव जिला उपाध्यक्ष दीपक साहू, द्रोण चंद्राकर, ईश्वर सिन्हा, कमल नयन प्रधान, हीरा नेताम, महामंत्री रेखराम बघेल, कमलेश निषाद, संगठन सचिव उत्तम वर्मा, कल्पना सूर्यवंशी, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मीना वर्मा, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ललित साहू, सरंक्षक एचआर बघेल, ढेलू निषाद को मनोनीत किया गया है।

बैठक में धरमदास साहू, ढेलू निषाद, द्रोण चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, नंदकुमार निषाद, राजेश रात्रे, विजय बंजारे, तुला साहू, तुलेंद्र सागर, हीरा नेताम, एचआर बघेल, महेंद्र साहू, खेमराज साहू, कुलेश्वर साहू, उत्तम वर्मा, मीना वर्मा, मधु यादव, कल्पना सुर्यवंशी, सुनीता देवांगन, दीपक साहू व सर्व समाज के समाजगण उपस्थित रहे।

## मन की बात बना जन संवाद का सशक्त माध्यम बसना विधायक अग्रवाल ने दिए प्रेरणादायी संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

विकासखंड स्काउट गाइड संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल के निवास पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 124वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर बसना विधानसभा क्षेत्र के विधायक संपत अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल, संजय गोयल, सुमित अग्रवाल, पुष्पराज गजेंद्र, मुन्नू पांडेय, आकाश अग्रवाल, परमीत सिंह, सौरभ अग्रवाल, सतीश ध्रुव सहित भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सत्यनारायण अग्रवाल ने युवाओं में नेतृत्व विकास और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने प्रधानमंत्री के विचारों को समाज के सभी वर्गों तक ले जाने का संकल्प लिया। इसका प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन और डिजिटल माध्यमों पर सुबह 11 बजे 22 भारतीय और 11 विदेशी भाषाओं में किया गया।



## कांवरियों के लिए लगा आम भंडारा

**महासमुंद।** बम्हनेश्वर नाथ बम्हनी से जल लेकर गंधेश्वर धाम सिरपुर जा रहे कांवड़ यात्रियों को बीटीआई रोड साहू टेंट हाउस के सामने विशाल आम भंडारा का आयोजन मां कर्मा बोल बम समिति द्वारा किया गया। जिसमें क्षेत्र के भाजपा युवा नेता कमल नारायण साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बोल बम सेवा समिति के सदस्य दीपक साहू, हरीश चक्रधारी, टेक्सी, ऋषभ साहू, शुभम साहू, हेमन जोशी, जितेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कांवर यात्री उपस्थित थे।

## पुरानी बस्ती पिथौरा में सुना गया मन की बात का 124वां संस्करण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

नगर के वार्ड क्रमांक 8 पुरानी बस्ती स्थित सत्संग मानस मंडली परिसर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 124वां संस्करण सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए देशवासियों को स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब देशवासी एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो असंभव भी संभव बन जाता है। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के बिल्हा क्षेत्र की महिलाओं के स्वच्छता प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि किस प्रकार प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्होंने कचरा प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किया है। साथ ही भोपाल की सकारात्मक सोच टीम की चर्चा करते हुए 17 पार्कों की सफाई और जागरूकता फैलाने के उनके प्रयासों की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने गोवा के पणजी शहर का उल्लेख करते हुए बताया कि वहां कचरे को 16 श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है और इस कार्य में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बल दिया कि स्वच्छता एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन की आदत बननी चाहिए।



कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, वरिष्ठ भाजपा नेता मन्नूलाल ठाकुर, पार्षदगण संतोष डड़सेना, रामकुंवर सिन्हा, कौशलदास मानिकपुरी, रमेश पटेल, मनमीत सिंह छाबड़ा रिक्की, मनमोहन जैन, किशोर पटेल, कैलाश अग्रवाल, पुष्पराज गजेंद्र, चंद्रपाल तारक, पुहुप लाल तारक, सोहन निर्मलकर, ढेल सिंह निषाद, पीतांबर निषाद, सुकालू निषाद, भगत निषाद, आनंदी डड़सेना, इंद्रेश्वर सिन्हा, प्रतीक बोस, हेमंत जाधव, लीलाधर तारक, मंगल सिन्हा, सुरेश निषाद, सुकालू डड़सेना, दीपक सिन्हा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता, सामाजिक सहभागिता तथा जनसंपर्क को बढ़ावा देना रहा। उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री के संदेश को आत्मसात करते हुए उनके विचारों की सराहना की।

## पाठ्य पुस्तकों का लेखन कार्य में तीन शिक्षक हुए आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नई शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन को

- राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में पुस्तकों का लेखन कार्य



लेकर छत्तीसगढ़ राज्य के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद शंकर नगर रायपुर में कक्षा 4 एवं 5 तथा 7 एवं 8 कक्षा के लिए नई पाठ्य पुस्तकों का लेखन कार्य किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से विषय विशेषज्ञों तथा शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। पाठ्य पुस्तक लेखन कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले से हिंदी विषय के लिए खेमिन साहू शासकीय प्राथमिक शाला बेमचा, विकासखंड महासमुंद द्रोण साहू शासकीय प्राथमिक शाला बिजेमाल, विकासखंड पिथौरा तथा गणित विषय के लिए रेणु सिंह शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बेमचा शामिल हो रहे हैं। पाठ्य पुस्तक लेखन कार्यशाला में चयनित होने पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला परियोजना अधिकारी रेखराज शर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पिथौरा लक्ष्मी डडसेना एवं बीआरसी सी पिथौरा नरेश पटेल, संकुल बेमचा नोडल प्राचार्य सोहन लाल पाटकर, संकुल समन्वयक टाकेश्वर प्रसाद साहू, आशीष साहू, प्रधानपाठक बेमचा विजयलक्ष्मी शर्मा, नोडल प्राचार्य छुवारीपतेरा यमुना पांडेय, समन्वयक तुलाराम राणा तथा शिक्षक साथियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सलिहाभाठा स्कूल में स्थानांतरित शिक्षकों को दी गई विदाई, कार्यों को भी सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में पूर्व पदस्थ शिक्षक धर्मेंद्र ध्रुव का स्थानांतरण धामनतोरी बागबाहरा और शिक्षिका पुष्पलता पटेल का गबौद पिथौरा हो जाने पर शाला परिवार और ग्रामीणों की ओर से विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों व पालकों ने शिक्षकों द्वारा कार्यरत अवधि में किए कार्यों और पालकों तथा बच्चों के साथ संबंधों व बिताए समय को याद कर वर्तमान कार्यरत स्थल पर भी श्रेष्ठ कार्य करते रहने की बात कही। स्थानांतरित शिक्षकों ने आगे भी इस विद्यालय परिवार से सतत जुड़े रहने व यहाँ पालकों व विद्यालय में सीखे विभिन्न नवाचारों को आगे ले जाने में अपनी भूमिका बराबर बनाए रखने की बात कही। दोनों शिक्षकों को विद्यालय परिवार, बच्चों व पालकों ने उनकी इस विद्यालय में उत्कृष्ट सेवा के लिए याद स्वरूप भेंट प्रदान किए। स्थानांतरित शिक्षकों ने भी विद्यालय को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार जताया। प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर ने इस विद्यालय में किए उनके कार्यों व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन बाल कैबिनेट के साथ शिक्षक रामेश्वर ढीढी ने किया। कर्यक्रम में पिरीत राम साहू, पंचराम ध्रुव, तिलक साहू, हितेश दीवान, पोखन दीवान, भोजराम साहू, दुलारू राम यादव, कृपाराम ध्रुव, बिसनी दीवान, हेमलता ध्रुव, बीना यादव, टिकेश्वरी ध्रुव, सालनी सिन्हा उपस्थित रहे।



## बोलबम कांवरियों की भाजपाइयों ने की सेवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

26 जुलाई को श्वेतगंगा बम्हनी से जल लेकर गंधेश्वर महादेव सिरपुर के लिए जाने वाले शिव भक्त कांवरियों की भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अनेक स्थानों पर स्वागत अभिनंदन करते हुए उन्हें जलपान और स्वल्पाहार कराकर सेवा कार्य किया। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, कृषि बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी की उपस्थिति में भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने श्वेतगंगा बम्हनी से लेकर महासमुंद के शारदा मंदिर तक विभिन्न स्थानों में बोलबम कांवरियों की सेवा के लिए लगाए गए स्टाल, पंडालों में भक्तिमय गीत संगीत और भजनों के कार्यक्रम के बीच मिष्ठान, जलपान, स्वल्पाहार में सहयोग प्रदान किया।

इस सेवा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल उपाध्यक्ष राजेंद चंद्राकर, महामंत्री मीना वर्मा, आनंद साहू, पंकज चंद्राकर सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।



## मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए स्थानीय नेता और कार्यकर्ता

**महासमुंद।** रविवार को बेलसोंडा शक्ति केंद्र खरोरा बूथ क्रमांक 110 में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात 124 प्रसारण को सुना गया। इस अवसर पर महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, महासमुंद ग्रामीण मंडल महामंत्री साजन यादव, बूथ अध्यक्ष कौशल चंद्राकर समेत हेमलता चंद्राकर, द्रोपती चंद्राकर, कालिंद्री चंद्राकर, गिरजा चंद्राकर, अंजु चंद्राकर, जागेश्वरी चंद्राकर, पुन्नी लता, पारूल, सरस्वती भारती, पूजा, शैली, दामिनी, कौशल्या, भूषण लाल, मुकेश चंद्राकर आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा भारत भर में हुए प्रेरणादायक कार्यों के बारे में बताया जाता है, जिससे लोगों को देश की प्रगति और विकास के बारे में जानकारी मिलती है और वे प्रेरित होते हैं।

**बिजनेस साईट**

## सुमीत बाज़ार में भारी छूट, सिर्फ 31 जुलाई तक, अंतिम 4 दिन शेष

**महासमुंद।** सुमीत बाज़ार में चल रही 'अप्टो 50 प्रतिशत आफ' की विशेष छूट अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। मेंस वियर एवं साड़ियों पर मिल रही यह विशेष छूट सिर्फ 31 जुलाई तक उपलब्ध रहेगी। ऐसे में खरीदारी के इच्छुक ग्राहकों के पास अब केवल 4 दिन का समय शेष है।

ग्राहकों द्वारा इस सेल को जबरदस्त प्रतिसाद मिला है। खरीदारी का उत्साह सुमीत बाज़ार के सभी ब्रांचों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पारंपरिक से लेकर वेस्टर्न परिधानों तक, सभी वर्गों के लिए विशेष छूटों का लाभ उठाया जा रहा है। सुमीत बाज़ार ने हमेशा की तरह इस बार भी कुछ नया पेश करने का प्रयास किया है, और उसे ग्राहकों से भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। चप्पे-चप्पे में फैली इसकी शाखाओं में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। सुमीत बाज़ार प्रबंधन ने ग्राहकों से अपील की है कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं, क्योंकि छूट की यह पेशकश सिर्फ 31 जुलाई तक ही मान्य है।





## एनएचएम कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

**सराईपाली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव को 10 सूत्रीय माँगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में एनएचएम संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को स्थायित्व प्रदान करने, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने और सामाजिक सम्मान दिलाने की मांग की गई है। उक्त ज्ञापन में मुख्य माँग संविदा कर्मियों का स्थायीकरण, ब्लॉक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड-पे निर्धारण, वार्षिक मूल्यांकन में पारदर्शिता, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, भर्ती में आरक्षण, मानवता आधारित अनुकंपा नियुक्ति, छुट्टी और मातृत्व सुविधाएं, स्थानांतरण नीति, और आकस्मिक दुर्घटना राहत की मांग शामिल है। संघ ने मांग की है कि स्वास्थ्य विभाग की नीतियों में समानता और सम्मानपूर्ण व्यवहार हो तथा अन्य योजनाओं की तरह एनएचएम कर्मियों को भी उनका हक मिले। संघ के अनुसार इन मांगों के पूरा होने से राज्य के 16 हजार से अधिक कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष रामगोपाल खूंटे, डॉ अनुपमा दास, परमेश्वर सेन मौजूद रहे।

### युवा चिंतन शिविर में संकल्पित 11 अभियानों के बिंदुओं पर की गई विस्तृत चर्चा

## खल्लारी के स्मृति उपवन में हुई गायत्री परिवार की अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार, गायत्री प्रज्ञा पीठ खल्लारी, पावन स्थल राम स्मृति उपवन में माता भगवती देवी शर्मा अखंड ज्योति जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के पूर्णता के लिए ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ गुरुदेव माता के पूजन अर्चन के साथ किया गया। अक्षय साहू ब्लॉक समन्वयक द्वारा सत्संकल्प पाठ का वाचन किया गया। पश्चात 10 से 12 जून 2025 के तिथि में शांतिकुंज द्वारा आयोजित युवा चिंतन शिविर में संकल्पित 11 अभियानों के बिंदुओं को विस्तृत एवं व्यापक रूपों से जिला युवा सह समन्वय रामाधीन यादव द्वारा उद्बोधन एवं सारगर्भित तथ्यों की जानकारियां प्रदान किया गया।

सभी 11 अभियानों का 20 इकाइयों में प्रभारी नियुक्त किया गया। प्रत्येक इकाइयों में इन बिंदुओं को सक्रियता के साथ लागू करने इन तथ्यों पर गहराई से चिंतन किया गया। प्रत्येक इकाइयों में साधना स्वाध्याय, आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी एवं ब्लॉक के जितने भी कन्या छात्रावास है, वहां कन्या कौशल एक दिवसीय एवं तीन दिवसीय शिविर करने का आयोजन करने का संकल्प उपस्थित महिलाओं द्वारा लिया गया। बाल संस्कार शाला, आओ गढ़े संस्कार वान पीढ़ी के जिला संयोजिका महेश्वरी यादव द्वारा प्रत्येक इकाइयों में एक दिवसीय एवं तीन दिवसीय नारी जगरण शिविर आयोजन के लिए निवेदन किया गया। 29 जून 2025 जिला स्तरीय एक दिवसीय नारी जागरण कार्यक्रम महासमुंद में महिलाओं द्वारा उभरे संकल्पों को दोहराया गया। इकाई के महिलाओं को प्रत्येक गुरुवार/रविवार को साधना स्वाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष तक अनिवार्य करने के लिए आह्वान किया गया। जनक राम साहू द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025-26 के लिए विकासखंड के प्रत्येक विद्यालयों में संपर्क बना कर अधिक से अधिक छात्रों को सम्मिलित किया जाए। विशेष चर्चा कर नॉमिनल रोल एवं अन्य प्रपत्र वितरित किया गया।



बागबाहरा में बहुप्रतीक्षित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 2027 में चिन्मय पंड्या की उपस्थिति हो, सभी उपस्थित परिजनों द्वारा ध्वनि मतों से प्रस्ताव पारित किया गया एवं पुनःमांग पत्र तत्काल शांतिकुंज प्रेषित किया जाए। कार्यक्रम में आभार रघुनंदन लाल देवांगन संचालक प्रज्ञा पीठ खल्लारी एवं संचालन अक्षय साहू ब्लॉक समन्वयक ने किया। उक्त जानकारी युवा प्रकोष्ठ सह समन्वयक रामाधीन यादव ने दी। कार्यक्रम में गायत्री शक्ति पीठ बागबाहरा के प्रबंध ट्रस्टी विश्वनाथ अग्रवाल, देवक साहू, डहरु देवांगन, रामनारायण साहू, सोहन दीवान, नारायण ठाकुर, तुका राम साहू, ओम कुमार दीवान, भोज राम पटेल, जनक राम साहू, राम सिंह साहू, भुलाऊ राम साहू, भगवत दीवान, शंकर कौशिक, बिसंभर ठाकुर, लोचन साहू, राजकिशोर अग्रवाल, वासुदेव भाले, रमन विश्राम पटेल, राकेश साहू, राजकुमार साहू, भास्कर साहू, दुष्यंत साहू, वेदव्यास, सालिक राम साहू, गेंद लाल पटेल, महेश्वरी यादव, गायत्री यादव, सतरूपा साहू, अनुसूया दीवान आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आम आदमी पार्टी संगठन विस्तार जोरों पर: राकेश



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में पार्टी के विस्तार और संगठन की मजबूती के लिए तैयारी जोरों पर है। पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने बताया कि अब तक 14 जिलों की बैठक हो चुकी है और आगामी एक सप्ताह में सभी जिलों में जिला स्तरीय मीटिंग पूरी हो जाएगी और उसके बाद जोन स्तरीय सम्मलेन रखा जाएगा, जिसमें प्रदेश प्रभारी, सहप्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेंगे।

### महासमुंद नगर के प्रभारी बने अमरजीत



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मंडल एवं सेक्टर कमेटी की गठन की प्रक्रिया में उदयपुर नवसंकल्प शिविर में पारित नियम के अनुसार नगर के लिए पूर्व प्रभारी महामंत्री प्रदेश कांग्रेस एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अमरजीत चावला को नियुक्ति किया है। शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने बताया कि यह बैठक केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि आने वाले समय की राजनीतिक दिशा और रणनीति पर चिंतन का एक सशक्त मंच है। प्रभारी का आगमन 29 जुलाई मंगलवार को 12 बजे ऐतिहासिक गांधी कांग्रेस भवन महासमुंद में होने जा रहा है। नगर मंडल सेक्टर की बैठक में महासमुंद जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद एवं खिलावन साहू तथा वरिष्ठ कांग्रेसजन, पदाधिकारीगण जनप्रतिनिधिगण, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, सेवादल, एनएसयूआई एवं समस्त प्रकोष्ठ के सदस्यगण मौजूद रहेंगे।

### कार्यक्रम: विधायक सिन्हा ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात

# पीएम मोदी ने कहा- साइंस स्पेस को लेकर बच्चों में बढ़ी जिज्ञासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 124वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम सिरपुर में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा।

एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने शुभांशु शुक्ला और स्पेस के बारे में बात की। उन्होंने कहा, जैसे ही एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला धरती पर उतरे तो हर दिल में खुशी की लहर दौड़ गई और पूरा देश गौरान्वित हो गया। इससे साइंस स्पेस को लेकर बच्चों में नई जिज्ञासा जागी है। प्रधानमंत्री ने बताया कि यूनेस्को ने 12 मराठा किलों को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स के रूप में शामिल किया है।



11 किले महाराष्ट्र में और एक किला तमिलनाडु में है। हर किले से इतिहास का एक पन्ना जुड़ा है। साल्हेर का किला जहां मुगलों की हार हुई। शिवनेरी में छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म हुआ था। उन्होंने टेक्सटाइल सेक्टर के बारे में बताते हुए कहा कि आज टेक्सटाइल और अपैरल मार्केट बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इस विकास की सबसे सुंदर बात यह है की गावों की महिलाएं, शहरों के डिजाइनर, बुजुर्ग बुनकर और स्टार्टअप शुरू करने वाले हमारे युवा सब मिलकर इसे आगे बढ़ा रहे हैं। आज भारत में 3000 से ज्यादा टेक्सटाइल स्टार्टअप हैं। आगे उन्होंने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स के बारे में कहा कि यह दुनियाभर के पुलिसकर्मी, फायर फाइटर्स, सिक्योरिटी से जुड़े लोग उनके बीच होने वाला स्पोर्ट्स का टूर्नामेंट है। इस बार ये टूर्नामेंट अमेरिका में हुआ और इसमें भारत ने इतिहास रच दिया। भारत ने करीब-करीब 600 मेडल जीते। 71 देशों में हम टॉप-3 में पहुंचे। 2029 में ये गेम्स भारत में होंगे।



**महासमुंद।** रविवार को शिवशक्ति केंद्र नयापारा के बूथ 181 वार्ड 7 में मन की बात मोदी के साथ कार्यक्रम का प्रसारण देखते हुए शहर मण्डल महामंत्री पूर्व पार्षद मीना वर्मा, शक्तिकेन्द्र संयोजक गोपाल वर्मा, भगवती साहू, कुमारी सोनी, ईश्वरी सोनी, कुमारी निषाद, नेमु सोनी, उषा साहू, कुंती सिन्हा, राजकुमारी निषाद, पद्मिनी सोना, दशोदा बाई और बूथ समिति के सदस्य, नागरिकगण मौजूद रहे।

#### स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस को किया याद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस को याद करते हुए कहा कि अगस्त 1908 में बिहार का मुजफ्फरपुर शहर में हर गली, हर चौराहा, हर हलचल उस समय जैसे थमी हुई थी। लोगों की आंखों में आंसू थे, लेकिन दिलों में ज्वाला थी। लोगों ने जेल को घेर रखा था, जहां एक युवक, अंग्रेजों के खिलाफ अपना देश-प्रेम व्यक्त करने की कीमत चुका रहा था। जेल के अंदर अंग्रेज अफसर एक युवा को फांसी देने की तैयारी कर रहे थे। उस युवा के चेहरे पर भय नहीं था, बल्कि गर्व से भरा हुआ था।

#### यह रहे उपस्थित

मन की बात कार्यक्रम प्रसारण में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा वरिष्ठ नेतागण रमेश साहू, मंगेश टांकसाले, संदीप घोष, श्याम साकरकर, पप्पू पटेल, राजू साहू, राधेश्याम ध्रुव, नंदकिशोर, दशरी ध्रुव, सुनील पटेल, गोपी ध्रुव, दिलीप ध्रुव, सुखीराम हिरवानी, दुलरवा राम, नकुल सेन, लाला निषाद, अभिषेक पांडे, उमेश साहू, डॉ सोहन साहू, कामदेव ध्रुव, रामायण ठाकुर, दऊवा निषाद, महेंद्र सिक्का, रामेश्वर पटवा, गुड्डा सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सड़क बना जानलेवा, गड्ढों में पानी भरने से बढ़ गया खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

बिंद्रावन से बोइरगांव धौराभाठा छुरा रोड़ को जोड़ती है। यह प्रधानमंत्री सड़क जो कि ग्राम बिन्द्रावन से ही इस सड़क पर जगह जगह गड्ढे ही गड्ढे हो गए है। इस सड़क पर वाहन चालकों सहित पैदल चलने वाले आम नागरिक व स्कूली बच्चे परेशान है। इस सड़क का डामर की परत उखड़ने के साथ ही गड्ढे में तब्दील हो गए है। ग्रामीण रामेश्वरसिंह ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, भोगसिंह ठाकुर, आनंद ठाकुर, आत्माराम ठाकुर, लेखराम ठाकुर, रुखम ठाकुर, बनमाली ठाकुर, लक्ष्मी नारायण ठाकुर, मोहनलाल ठाकुर, नंदकुमार ठाकुर, भगवानसिंह पाड़े, दाऊलाल पाड़े, लेखराम पांडे आदि ने शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

## जनपद उपाध्यक्ष ने भ्रामक पोस्टरबाजी की निंदा की, बोले-यह हताशा में उठाया गया कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने

■ पोस्टरों को विरोधियों की हताशा व ओछी मानसिकता का बताया

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के खिलाफ लगाए गए गलत और भ्रामक पोस्टरों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इन पोस्टरों को विरोधियों की हताशा और ओछी मानसिकता का परिचायक बताया। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने इस घटना पर



गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए हैं, जो आम जनता से छिपे नहीं हैं। उनकी लोकप्रियता को पचा न पाने वाले कुछ लोग अब इस तरह की निचले स्तर की राजनीति पर उतर आए हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि विधायक की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि महासमुंद शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें, नहर, नाली और सरकारी भवनों जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर काम हुआ है। जनपद उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि ये विक्षिप्त मानसिकता के लोग बिना किसी कारण के विधायक को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस मामले का संज्ञान लेने और अज्ञात पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ मानहानि का अपराध दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

## सेजेस में आर्टिफिशल इंटेलिजेंसी और पायथन प्रोग्रामिंग पर होगा कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

पीएमश्री सेजेस बसना में विद्यार्थी में

■ 28 जुलाई से एक सप्ताह तक होगा कार्यशाला का आयोजन

21वीं सदी स्किल डेवेलपमेंट के उद्देश्य से कृत्रिम बुद्धिमत्ता और पायथन प्रोग्रामिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। 28 जुलाई से चलने वाले इस एक सप्ताह के कार्यशाला में विद्यार्थियों को भारत की बड़ी संस्थानों में से एक नायलिट भुवनेश्वर ओडिशा के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम में छात्रों को पायथन प्रोग्रामिंग और एआई के बेसिक अवधारणाओं को सीखने का मौका मिलेगा।

#### जानें क्या है पायथन

उच्च-स्तरीय प्रोग्रामिंग भाषाः पायथन एक उच्च-स्तरीय भाषा है, जिसका अर्थ है कि यह मानव-पठनीय सिंटैक्स का उपयोग करती है, जो इसे समझने और उपयोग करने में आसान बनाती है। व्यापक उपयोगः पायथन का उपयोग विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए किया जाता है, जिसमें वेब एप्लिकेशन बनाना, डेटा का विश्लेषण करना, मशीन लर्निंग मॉडल विकसित करना और सॉफ्टवेयर को स्वचालित करना शामिल है। पायथन एक शक्तिशाली और बहुमुखी प्रोग्रामिंग भाषा है, जो विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए उपयुक्त है।

#### बनाती है उत्कृष्ट विकल्प

इसकी पठनीयता, सरलता और सीखने में आसानी इसे शुरुआती और अनुभवी डेवलपर्स दोनों के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बनाती हैं. यदि आप एक प्रोग्रामिंग भाषा सीखना चाहते हैं, तो पायथन एक बढ़िया विकल्प है।

## कारगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों के पराक्रम का किया याद




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में प्रभारी प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर के संयोजन में 26 जुलाई 2025 को कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा एवं सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव रहे। सहायक प्राध्यापक वर्मा ने महाविद्यालय के स्वयंसेवक-स्वयं सेविकाओं को भारत-पाकिस्तान सीमा पर हुए सभी युद्धों की संक्षिप्त जानकारी दी। साथ ही सीमा पर तैनात देश के वीर सैनिकों के साहस, बलिदान व समर्पण की भावना का हमेशा सम्मान देने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के युवाओं को अपने देश के वीर सैनिकों के इतिहास की जानकारी होनी चाहिए। उसके बिना अपने भविष्य को संवारा नहीं जा सकता। कारगिल युद्ध कैसे प्रारंभ हुआ, किस प्रकार विषम परिस्थिति में देश के वीर सैनिकों ने विजय प्राप्त की इसकी जानकारी स्वयंसेवकों को प्रदान की गई। कारगिल विजय दिवस पर शहीद विक्रम बत्रा के शहादत को याद करते हुए महाविद्यालय के बी काम प्रथम सेमेस्टर के मीनाक्षी साहू व बीएससी प्रथम सेमेस्टर से ललेश साहू ने देशभक्ति गीत व बीए प्रथम सेमेस्टर से ईश्वरी साहू ने भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक रसायन लता भोई ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार की लोकप्रियता से विपक्षी नेताओं में बौखलाहट : रमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा कार्यकारिणी सदस्य व पिटियाझर सहकारी समिति के अध्यक्ष रमेश साहू ने कहा कि भाजपा की लोकप्रियता व सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं से भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता व महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की सक्रियता से घबराकर विपक्षी नेताओं सहित अज्ञात तत्वों द्वारा सरकार व विधायक को बदनाम करने नीयत से लगातार गलत बयानबाजी व पोस्टरबाजी किया जा रहा है।



■ विधायक को बदनाम करने नीयत से गलत बयानबाजी

रमेश साहू ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व विधायक द्वारा पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज को समोदा बैराज से पानी दिए जाने का विरोध किया जा रहा है। उन्हें ज्ञात होना चाहिए कि पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज शराब फैक्ट्री खोलने की अनुमति उनके विधायकी कार्यकाल में कांग्रेस सरकार के दौरान मिली थी। इसी तरह करणी कृपा पावर प्लांट से निकलने वाले प्रदूषण से आज तुमगांव क्षेत्र के दर्जनों गांव परेशान हैं। करणीकृपा की नींव भी कांग्रेस शासन काल में ही रखी गई थी। विरोध जताने से पूर्व कांग्रेस के पूर्व विधायक को अपने कार्यकाल में किए गए जनविरोधी कार्यों को याद कर लेना चाहिए।

## मुड़पार में छात्रावास भवन के लिए राशि स्वीकृत, ग्रामीणों में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत वार्षिक योजना 2024-25 के तहत भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता मिशन द्वारा महासमुंद जिले के विकासखंड बागबाहरा के ग्राम मुड़पार में 100 सीटर छात्रावास भवन के निर्माण के लिए राशि 271 लाख रुपए की कलेक्टर एवं मिशन संचालक समग्र शिक्षा द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है, इससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है। वहां के जनप्रतिनिधि सरपंच व पंचों का कहना है कि इस पंचायत में 90 प्रतिशत आदिवासी निवासरत है। इस ग्राम में छात्रावास भवन बनने से आसपास गांवों के बच्चों को सुविधा मिलेगी। इस दौरान वहां के सरपंच प्रतिनिधि नूतन पटेल, पूर्व सरपंच पुनऊराम ध्रुव, संतोष पटेल, डीकुमार चौरे, तिलकराम सिन्हा, बलदाऊ नियाल, डिगेश्वर पटेल, डाहरसिंह पटेल, पोखन महानंद खामसिंह तांडी, बृज ठाकुर, रेवती बाई, गंगाबाई, कांतीबाई, भोला बाई, सुरजाबाई, लक्ष्मीबाई, अरौती बाई, हीराबाई शांति बाई, रुखमणी बाई समेत ग्रामणों ने भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता मिशन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।



### कलाम की पुण्यतिथि दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर को सम्मानित किया गया। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, पूर्व उपसरपंच हेमलता, पंच अंजू चंद्राकर, मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, पूजा चंद्राकर, कलिंद्री, पन्नी चंद्राकर, बबली चंद्राकर, सरस्वती चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, हेमलता चंद्राकर ने कहा कि भारत देश पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम ने उन्हें प्रेरक दूरदर्शी, उत्कृष्ट वैज्ञानिक, मार्गदर्शक और महान देशभक्त के रूप में याद किया जाता है।

### कांवरियों की सेवा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए नपाध्यक्ष

# कांवर यात्रा शिव के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पवित्र श्रावण माह के तीसरे शनिवार को बम्हनी से हजारों कांवरिए भगवान शिव के जलाभिषेक करने सिरपुर रवाना हुए। इस बीच जगह जगह शिव भक्तों व सेवा भावी संगठनों द्वारा कांवरियों की सेवा में स्वल्पाहार, भंडारा प्रसादी का आयोजन व संगीत मय भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बम्हनी से सिरपुर तक महासमुंद सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित सेवा कार्यक्रमों में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने कांवरियों को स्वल्पाहार



प्रदान कर उनकी सेवा की।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने भगवान शंकर की जयकारे लगाते हुए कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना और भक्ति का विशेष समय है। कांवरियों की सेवा करना हमारा सौभाग्य है। यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक एकता को भी दर्शाता है। कांवरियों की सेवा करना न केवल हमारा धार्मिक कर्तव्य है, बल्कि यह सामाजिक एकता और मानवता की भावना को भी मजबूत करता है।

इस अवसर पर पार्षद मनीष शर्मा, विक्की मुस्ताख, राहुल आवडे, गुलशन साहू, जय देवांगन, रत्नेश साहू, विपिन साहू, शुभम चंद्राकर, देवेंद्र यादव, अब्दुल सुफियान, सम्मी अली, पप्पू साहू, महेंद्र बंसोड, नीतीश साहू, युवराज साहू, तरुण साहू व आयोजन स्थलो पर समिति के सदस्य गण, सेवा भावी नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

